हिंदू सम्मेलन में समरसता और एकजुटता पर जोर

सियावास के दीनदयाल बस्ती में हुआ सम्मेलन, कलश यात्राएं निकलीं

बेगमगंज, 6 जनवरी. नगर सियावास की दीनदयाल बस्ती में रविवार को एक भव्य एवं ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया. यह सम्मेलन सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में जेल के सामने स्थित ग्राउंड में आयोजित हुआ, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में हिंदू जनमानस ने सहभागिता की. आयोजन को लेकर क्षेत्र में कई दिनों से उत्साह का वातावरण बना हुआ था, जो सम्मेलन के दिन स्पष्ट रूप से देखने को मिला.

सम्मेलन की शुरुआत बस्ती के दो प्रमुख स्थानों से निकाली गई कलश यात्राओं से हुई. पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी मातृशक्ति के नेतृत्व में कलश यात्राएं प्रारम्भ हुईं, जिनमें पुरुष, महिलाएं, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए. ढोल-नगाड़ों, शंखनाद और जयघोष के साथ निकली इन कलश यात्राओं ने पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया. दोनों कलश यात्राएं नगर भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल जेल के सामने वाले ग्राउंड पर पहुँचीं, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया.

सम्मेलन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था. भगवा ध्वजों, तोरण द्वारों और सांस्कृतिक प्रतीकों से सजा मंच पूरे आयोजन की गरिमा को बढ़ा रहा था. कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों की भारी भीड़ देखने को मिली, जिससे आयोजन की व्यापकता और सामाजिक स्वीकार्यता स्पष्ट हुई.

हिंदू सम्मेलन के मुख्य वक्ता के रूप में श्री योगेश उपस्थित रहे. अपने उद्बोधन में उन्होंने 'पंच परिवर्तन' विषय पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया. उन्होंने सामाजिक समरसता, स्वावलंबन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्यों एवं पारिवारिक मूल्यों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन केवल विचार नहीं, बल्कि जीवन में उतारने योग्य व्यवहार है, जिससे समाज और राष्ट्र सशक्त बन सकता है. उनके उद्बोधन को उपस्थित जनसमूह ने गंभीरता से सुना और समय-समय पर तालियों के साथ समर्थन भी किया.

सम्मेलन में मंचासीन अतिथियों में महामंडलेश्वर श्री महाकाल महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे. अपने संबोधन में उन्होंने हिंदू समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि समाज की शक्ति उसकी एकता में निहित है और जब हिंदू समाज संगठित होकर चलता है, तभी संस्कृति और राष्ट्र सुरक्षित रहते हैं. महाकाल महाराज ने बच्चों एवं युवाओं को अपने माता-पिता की सेवा करने, उनका सम्मान करने और पारिवारिक संस्कारों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि परिवार से ही संस्कारों की शुरुआत होती है और वही आगे चलकर समाज का निर्माण करते हैं.

> मंचासीन अतिथि देवी रागिनी पाराशर ने भी सम्मेलन को संबोधित किया. उन्होंने हिंदू समाज को अपनी संस्कृति, परंपराओं और सनातन मूल्यों से जुड़े रहने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक पूर्ण पद्धति है, जिसमें सेवा, सहिष्णुता और संस्कार निहित हैं. उन्होंने समाज में बढ़ती पाश्चात्य प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए अपनी सांस्कृतिक पहचान को सहेजने की आवश्यकता पर बल दिया. कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता प्रतीक सराठे ने किया.

सांची में होटल कर्मचारी से मारपीट, दो पर केस दर्ज

▸ खाना परोसने को लेकर हुआ विवाद

सलामतपुर, 6 जनवरी. सांची में होटल पर खाना परोसने की बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि होटल कर्मचारी के साथ मारपीट की घटना सामने आई है. यह घटना सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात करीब 12:30 बजे की बताई जा रही है.

होटल में खाना खाने आए दो लोगों की भोजन परोसने को लेकर होटल कर्मचारी से कहासुनी शुरू की, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई.

घटना में होटल कर्मचारी आयुष प्रजापति पिता अनिल प्रजापति, निवासी विदिशा ने सांची थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. फरियादी की रिपोर्ट पर सांची पुलिस ने आरोपी पद्दू जाट एवं एक अन्य व्यक्ति, दोनों निवासी विदिशा के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है, पुलिस द्वारा बार-बार समझाइश देने पर भी होटल, ढाबा देर रात्रि तक खुले रहते हैं, जिससे ऐसे विवाद सामने आते हैं.

एक नजर में

विज्ञान केन्द्र में विज्ञान प्रश्नोत्तरी से जागी जिज्ञासा

भोपाल, 6 जनवरी. आंचलिक विज्ञान केन्द्र के सभागार में जब प्रश्नपत्र खुलते ही विद्यार्थियों की आंखों में उत्सुकता चमकी, तभी यह साफ हो गया, कि विज्ञान यहां केवल विषय नहीं, एक सोच के रूप में सामने आने वाला है. इसी माहौल के बीच मंगलवार को अंतर विद्यालय वार्षिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारम्भ हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सवाल पूछने की आदत और सुधार की भावना हर नागरिक का मूल कर्तव्य है. उन्होंने बच्चों से रटने के बजाय सोचने और तर्क करने की प्रवृत्ति विकसित करने का आह्वान किया. नेहरू विज्ञान केन्द्र मुंबई के निदेशक उमेश कुमार रुस्तगी वर्चुअल माध्यम से जुड़े. उन्होंने कहा कि यह प्रश्नोत्तरी सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति दीर्घकालिक रुचि जगाने का मंच है, जिसने वर्षों से हजारों बच्चों को प्रेरित किया है. प्रतियोगिता में 36 विद्यालयों के 142 विद्यार्थियों ने भाग लिया. जिसका लिखित एलिमिनेशन राउंड जूनियर और सीनियर वर्ग में हुआ. प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले फरवरी में आयोजित किया जाएगा. आयोजकों के अनुसार यह पहल विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक क्षमता और वैज्ञानिक चेतना को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है.

युवाओं को सेवा भाव से जोड़ने पर दिया जोर

भोपाल, 6 जनवरी. सेवा केवल मदद नहीं, बल्कि लोगों को आत्मनिर्भर बनाना ही उसका असली उद्देश्य है. इसी संदेश के साथ इंस्टीट्यूट फॉर एक्सीलेंस इन हायर एजुकेशन (आईईएचई)भोपाल में युवा अभ्युदय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें युवाओं को सामाजिक दायित्व और सेवा भाव से जोड़ने पर जोर दिया गया. सेवा संकल्प समिति के तत्वावधान में युवा सेवा भारती के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ. मुख्य अतिथि सेवा भारती मध्य भारत के प्रांतीय संगठन सचिव सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि समाज की समस्याओं का समाधान तभी संभव है, जब युवा जमीनी स्तर पर उतरकर कार्य करें और सेवा को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं. कार्यक्रम में कविता पाठ और भाषण के माध्यम से सेवा और नैतिक मूल्यों का संदेश दिया गया. अंत में विद्यार्थियों को सहभागिता के लिए बैज प्रदान किए गए. कार्यक्रम में विशेष अतिथि युवा सेवा भारती के प्रांतीय समन्वयक संकल्प दीक्षित और महानगर समन्वयक कार्तिक सक्सेना ने युवाओं से समाज के कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया. आईईएचई के संचालक डॉ प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने भारतीय परंपराओं के उदाहरण देते हुए कहा कि सेवा की शुरुआत परिवार से होती है और कर्म ही व्यक्ति का भविष्य तय करते हैं.

ऊर्जस्विता सम्मान में नारी शक्ति का होगा सम्मान

भोपाल, 6 जनवरी. आईएचएम सभागार में बुधवार को जब अलग अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहीं महिलाओं को मंच पर बुलाया जाएगा, तो यह सिर्फ सम्मान समारोह नहीं बल्कि नारी शक्ति के संघर्ष और सफलता की कहानी का सार्वजनिक उत्सव होगा. अनुनय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित ऊर्जस्विता सम्मान समारोह में इस वर्ष 25 महिला विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा. समारोह की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया करेंगी. जबकि संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी मुख्य अतिथि होंगे. महापौर मालती राय, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे और आईएचएम के प्राचार्य डॉ रोहित सरीन विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे. कार्यक्रम में मध्यप्रदेश की सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जयश्री कियावत को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा. संस्था की अध्यक्ष माही भजनी ने बताया कि ऊर्जस्विता सम्मान का उद्देश्य समाज को दिशा देने वाली उन महिलाओं को सामने लाना है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में नई पहचान बनाई है. संस्था पिछले पंद्रह वर्षों से वंचित बच्चों की शिक्षा और विकास के लिए कार्य कर रही है और अब तक करीब एक हजार बच्चों को स्कूल से जोड़ा जा चुका है.

जंगली सुअर का मांस जब्त तीन आरोपी गिरफ्तार

▸ वन विभाग ने गजंदा गांव के पास झोपड़ी में मारा छापा

सिलवानी, 6 जनवरी. वन विभाग ने मुखबिर की सूचना पर गजंदा गांव के पास खेत में बनी झोपड़ी पर छापा मारा. तलाशी में करीब 400 ग्राम पका हुआ जंगली सुअर का मांस मिला. मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार आरोपियों में मुन्नालाल (50 वर्ष), हरभजन (51 वर्ष) और गटरूलाल (55 वर्ष) शामिल हैं.

तीनों गजंदा गांव के रहने वाले हैं. कार्रवाई वन मंडल अधिकारी प्रतिभा शुक्ला और उप वन मंडल अधिकारी इंदर सिंह बारे के निर्देशन में हुई. ऑपरेशन का नेतृत्व वन परिक्षेत्र अधिकारी महेंद्र कुमार पालेचा ने किया. आरोपियों पर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मामला दर्ज किया गया है. मेडिकल परीक्षण के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा. जब्ती में वन विभाग की पूरी टीम ने अहम भूमिका निभाई.

बेरखेड़ी में 6 माह से बिजली नहीं, लोगों में आक्रोश

▸ बच्चे परीक्षा की नहीं कर पा रहे तैयारी

बेगमगंज, 6 जनवरी. बेरखेड़ी जोरावर में पिछले 6 माह से बिजली नहीं है. विद्युत पर आधारित सभी कार्य ठप होने से ग्रामीणजन परेशान है. वहीं वार्षिक परीक्षाएं सिर पर होने से बच्चों की पढ़ाई नहीं होने के कारण बच्चों सहित अभिभावक भी चिंतित हैं, क्योंकि पिछले माह से गांव में अंधेरा पसरा हुआ है.

जिम्मेदार प्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों से बार-बार गुहार लगाई जाने के बावजूद भी गांव से उतर गया ट्रांसफार्मर नहीं रखा गया जिससे बिजली सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है, जबकि बकायादार बिजली उपभोक्ताओं द्वारा बिजली का बकाया बिल जमा किए हुए डेढ़ माह व्यतीत हो गया है .

इसके बावजूद भी बिजली अधिकारी ट्रांसफार्मर नहीं मिलने का बहाना बनाकर पूरे गांव को अंधेरे में रखे हुए हैं. जिसके कारण ग्रामीणजनों में आक्रोश व्याप्त है. उन्होंने उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तत्काल गांव में ट्रांसफार्मर रखकर बिजली सप्लाई शुरू नहीं की गई तो सभी ग्रामीणजन उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे. जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी. ग्रामीणजनों में सुनील पटेल ,शकील खान, भगवानदास, मुबारक, राजकुमार इत्यादि सहित अनेकों ग्रामीणजन का कहना है कि विगत छह माह पहले गांव की अटल ज्योति का ट्रांसफार्मर जल गया था. इसके बाद गांव की बिजली किसान फीडर से चल रही है, किसान फीडर की बिजली दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे एवं रात्रि 2 बजे से सुबह 6 बजे आती है, जिसके चलते ग्रामीण रातभर अंधेरे में रहते हैं, जबकि गांव के ज्यादातर बकायादारों ने डेढ़ माह पहले ही बिल जमा कर दिया था. ग्रामीणजन फिलहाल किसान रूपेश यादव के खेत में लगे ट्रांसफार्मर से बिजली गांव एवं खेतों से उपयोग कर रहे हैं, जिससे उनके खेत में एक सैकड़ा के करीब बिजली केबिल डली होने से किसान को बिजली केबिल से 4 जनवरी को करंट लग गया,जो गंभीर हालत में भोपाल की एक निजी अस्पताल में भर्ती है. वहीं प्रभावित किसानों का कहना है कि विगत 6 माह से बिजली विभाग के दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं फिर भी बिजली अधिकारी कोई सुनवाई नहीं कर रहे है. जब भी जाओ तो यही बोलते हैं कि ट्रांसफार्मर आने के बाद ही गांव में बिजली की सप्लाई की जाएगी. पीड़ित ग्रामीणों का कहना है लोड के अनुसार 63 एचपी का ट्रांसफार्मर रखने के बाद समस्या का हाल हो जाएगा जबकि विद्युत मंडल कार्यालय में आज भी ट्रांसफार्मर मौजूद है.

> **इनका कहना है**
>
> बिजली कंपनी के जेई नीरज गुप्ता का कहना है कि गांव का अटल ज्योति कनेक्शन बंद है, गांव के लोगों के बिजली बिल बकाया है, बिल जमा होने पर अटल ज्योति वाला ट्रांसफार्मर गांव में रखवा दिया जायेगा. फिलहाल ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं है.

सांची बौद्ध विवि में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध विद्वान का दौरा

सलामतपुर, 6 जनवरी. सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में श्रीलंका के प्रतिष्ठित बौद्ध भिक्षु और अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त विद्वान वंदनीय उदुगमा सरनतिस्स थेरो का दौरा हुआ. इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलसचिव और बौद्ध दर्शन स्कूल के अधिष्ठाता डॉ संतोष प्रियदर्शी से मुलाकात कर बौद्ध अध्ययन से जुड़े विभिन्न शैक्षणिक विषयों पर विचार-विमर्श किया.

श्रीलंका के उदुगमा सरनतिस्स थेरो ने शैक्षणिक सहयोग पर की चर्चा

थेरो ने विश्वविद्यालय परिसर, बौधि वृक्ष और नवनिर्मित भवनों का भ्रमण किया. वे श्रीलंका के कैंडी स्थित असगिरि महा विहार के अंतर्गत धर्मदूत मंदिर के मुख्य अधिष्ठाता, बौद्ध भिक्षु ट्रस्ट के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध अध्ययन संकाय के प्रमुख हैं.

भेंट के दौरान भारतीय और श्रीलंकाई बौद्ध परंपराओं के बीच शैक्षणिक सहयोग, शोध, छात्र-शिक्षक आदान-प्रदान और संयुक्त अकादमिक कार्यक्रमों की संभावनाओं पर सार्थक चर्चा हुई. कुलसचिव प्रो रामनिवास गुप्ता ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और शोध कार्यों की जानकारी दी. वंदनीय सरनतिस्स थेरो ने साँची जैसे ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थल पर विश्वविद्यालय की भूमिका की सराहना करते हुए भविष्य में सहयोग की इच्छा जताई.

संत हिरदाराम नगर में जगह-जगह होंगे हिन्दू सम्मेलन

भोपाल. संत हिरदाराम नगर में 10 से 25 जनवरी तक विभिन्न स्थानों पर सकल हिन्दू सम्मेलन होंगे, जिसके लिये पालक बनाये गये हैं. सभी हिन्दू समाज से अपील की गई कि उपस्थित होकर सम्मेलनों को सफल बनायें. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरआरएस) के नगर संघ चालक बसंत चेलानी, नगर कार्यवाहक मुकेश कराड़े, सह नगर कार्यवाहक मनीष जैन ने बताया कि अय्यपा बस्ती के पूजा श्रीनगर में 18 जनवरी रविवार सुबह 10 बजे, बाल्मिकी बस्ती के मैथिली पार्क में 25 जनवरी को सुबह 11 बजे.

युवा ही देश में बदलाव ला सकते हैं : रचना जानी

▸ संस्कार विद्यालय में हुआ संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ

भोपाल, 6 जनवरी. संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ का प्रारम्भ किया था. इसी कड़ी में मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय मुख्य अतिथि विवेकानंद केन्द्र, भोपाल की संगठन मंत्री रचना जानी, संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, सौरभ शुक्ला, कमल प्रेमचंदानी बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए उपस्थित हुए और एक हजार बच्चों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया.

कार्यक्रम में सर्वप्रथम संस्था के सचिव चेलानी ने आए हुए अतिथियों का परिचय देते हुए कहा कि हनुमान चालीसा का पाठ करने से जीवन में सात्विकता बढ़ती है, हमारे विद्यालय में प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है. अब इसके साथ-साथ भगवद् गीता के श्लोकों का वाचन भी किया जाता है, जिससे लगभग सभी बच्चों को हनुमान चालीसा का पाठ, गीता के श्लोक एवं उसका अर्थ याद हो गया होगा. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रचना जानी ने स्वामी विवेकानन्द जी के बारे में बताते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी को युवा लोग बहुत पसंद थे और हमेशा कहते थे कि किसी भी देश में बदलाव युवा ही ला सकते हैं, सबकों सीधा कार्य करना अच्छा लगता है, लेकिन विवेकानंद जी को हमेशा उल्टा कार्य करना पसंद था क्योंकि उल्टा कार्य करने में अधिक ऊर्जा लगती है. उन्होंने कहा कि जब भी हमारे पास कोई मुश्किल आती है और हम उन मुश्किलों से पीछा छुड़ाकर भागते हैं तो वह हमारे पीछे-पीछे आएगी और हम उनका डटकर सामना करेंगे तो वह स्वयं पीछे हट जाएगी.

खबर का असर... स्थानीय रहवासियों ने नवभारत अखबार का आभार व्यक्त किया

ग्राम अंबाडी में लीकेज पाइपलाइन दुरुस्त, ग्रामीणों को राहत

सिर्फ कागजों में शासन की योजना

जल जीवन मिशन पर करोड़ों खर्च, फिर भी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्ध जल

सलामतपुर, 6 जनवरी. रायसेन जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत ग्राम अंबाडी में पानी की पाइपलाइन में लीकेज की समस्या को लेकर प्रकाशित खबर का असर सामने आया है. नवभारत अखबार में 5 जनवरी को सिर्फ कागजों में शासन की योजना, ज़मीन पर गटर का पानी शीर्षक के साथ इस समस्या को प्रमुखता से उजागर किया गया था, जिसके बाद प्रशासनिक और जनप्रतिनिधि स्तर पर तुरंत संज्ञान लिया गया.

खबर सामने आने के बाद सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार मौके पर पहुंचे और संबंधित विभाग के सहयोग से लीकेज पाइपलाइन को दुरुस्त कराने का कार्य शुरू कराया गया. लंबे समय से पाइपलाइन लीकेज के कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा था. मरम्मत कार्य शुरू होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है. और नवभारत अखबार का आभार व्यक्त किया है.